Institutions etc. The Committee discusses various issues relating to Steel Industry.

(ii) Ensuring proper linkages of raw material and energy.

(iii) Liberalisation of import-export and fiscal policies.

(iv) Encouraging Research & Development activities.

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के अधीन इस्पात संयंत्र

1832. श्री शंकर दयाल सिंह :

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय इस्पात प्राधिकरण के अधीन कितने संयंत्रों में उत्पादन कार्य चल रहा है और वर्तमान में उनमें से प्रत्येक संयंत्र की उत्पादन क्षमता क्या है ;

(ख) लाभ अर्जित करने वाला अथवा घाटे में चल रहे संयंत्रों का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान इन संयंत्रों में हुए लाभ-हानि का ब्यौरा क्या है ?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव) : (क) स्टील अथारिटी आफ इण्डिया लिमिटेड (सेल) चार एकीकृत और दो विशेष इस्पात संयंत्रों का प्रचालन करता है। इनके अतिरिक्त इसकी तीन सहायक कम्पनियां अर्थात एक एकीकृत इस्पात संयंत्र , इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी (इस्को), एक मिश्र तथा विशेष इस्पात संयंत्र विश्वेवरैया आयरन एण्ड स्टील (वी०आई०एस०एल०) और एक फैरो मिश्र संयंत्र महाराष्ट्र इलैक्ट्रसमैल्ट लिमिटेड है।

"सेल" के उपरोक्त संयंत्रों और सहायक कम्पनियों की मौजूदा (1994–95) उत्पादन क्षमता निम्नानुसार है :—

(इकाई : हजार टन)

(विक्रय इस्पात की क्षमता)

एकीकृत इस्पात संयंत्र

1.	भिलाई इस्पात संयंत्र	3153
2.	दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	1000
3.	राउरकेला इस्पात संयंत्र	1170
4.	बोकारो इस्पात संयंत्र	3156
5.	इस्को (सेल की सहायक कम्पनी)	406

(इकाई . हजार टन)
(विक्रेय इस्पात की क्षमता

विशेष इस्पात संयंत्र और अन्य सहायक कम्पनियां

1.	मिश्र इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर	184
2.	सेलम इस्पात संयंत्र, सेलम	70
3.	विश्वेश्वरैया आयरन एण्ड स्टील लिमिटेड (सेल की सहायक कम्पनी)	77
4.	महाराष्ट्र इलैक्ट्रोसमैल्ट लिमिटेड (सेल की सहायक कम्पनी)	100*

*फैरो मिश्र की क्षमता

(ख) और (ग) पिछले तीन वर्षों के लिए "सेल" के इस्पात संयंत्रों का लाभ/हानि निम्नानुसार है :—

(करोड़ रुपए)

संयंत्र	वर्ष 1991–92	1992–93	1993–94
1. भिलाई इस्पात संयंत्र	206.31	172.84	367.78
2. दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	90.32	−132.92	−212.57
3. राउरकेला इस्पात संयंत्र	14.37	44.29	3.41
4. बोकारो इस्पात संयंत्र	230.45	379.84	467.82
5. मिश्र इस्पात संयंत्र	4.32	4.78	−14.23
6. सेलम इस्पात संयंत्र	9.35	−12. (−) हा	4.0 ।

"सेल" की सहायक कम्पनियों का लाभ/हानि निम्नानुसार है :—

(करोड़ रूपए)

	इस्को	एम.ई.एल.	वी.आई.एस.एल
1991–92	(−) 22.29	7.70	(−) 1.69
1992–93	(−) 58.96	6.18	(−) 9.79
1993–94	(−) 76.19	2.39	(−) 18.21

(−)हानि दर्शाता है।

"सेल" की अन्य प्रचालन इकाइयां जैसे कच्चा माल, प्रभाग, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, केन्द्रीय विपणन संगठन आदि भी हैं। पिछले तीन वर्षों के लिए कर पूर्व सहायक कम्पनियों को छोड़कर "सेल" (संयंत्रों एवं अन्य इकाइयों) का समग्र रूप से लाभ निम्नानुसार है :—

	लाभ (करोड़ रुपए)
1991–92	367.30
1992–93	423.40
1993–94	545.33